Pages/Questions: 10/17

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2022 – 2023)**

**Class: IX** **MM: 80**

**Subject: Hindi (Code No. 002)** **Time: 3.15Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

*Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.*
*General Instructions:*

**सामान्य निर्देशः**

(1) इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं– खण्ड 'क' और खण्ड 'ख'। खण्ड 'क' में वस्तुपरक / बहुविकल्पीय और खण्ड 'ख' में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) प्रश्न–पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(4) खण्ड 'क' में कुल 10 वस्तुपरक / बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) खण्ड 'ख' में कुल 7 वर्णनात्मक प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खण्ड 'क' (वस्तुपरक / बहुविकल्पीय प्रश्न)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

भारत भयंकर अंग्रेज़ी–मोह की दुरवस्था से गुजर रहा है। इस दुरवस्था का एक भयानक दुष्परिणाम यह है कि भारतीय भाषाओं के समकालीन साहित्य पर उन लोगों की दृष्टि नहीं पड़ती जो विश्वविद्यालयों के प्रायः सर्वोत्तम छात्र थे और अब शासन–तंत्र में ऊँचे ओहदों पर काम कर रहे हैं। इस दृष्टि से भारतीय भाषाओं के लेखक केवल यूरोपीय और अमेरिकी लेखकों से ही हीन नहीं हैं, बल्कि उनकी किस्मत मिश्र, बर्मा, इंडोनेशिया, चीन और जापान के लेखकों की किस्मत से भी खराब है क्योंकि इन सभी देशों के लेखकों की कृतियाँ वहाँ के अत्यंत सुशिक्षित लोग भी पढ़ते हैं। केवल हम ही हैं जिनकी पुस्तकों पर यहाँ के तथाकथित शिक्षित समुदाय की दृष्टि प्रायः नहीं पड़ती। हमारा तथाकथित उच्च शिक्षित समुदाय जो कुछ पढ़ना चाहता है, उसे अंग्रेज़ी में ही पढ़ लेता है, यहाँ तक कि उसकी कविता और उपन्यास पढ़ने की तृष्णा भी अंग्रेज़ी की कविता और उपन्यास पढ़कर ही समाप्त हो जाती है और उसे यह जानने की इच्छा ही नहीं होती कि शरीर से वह जिस समाज का सदस्य है, उसके मनोभाव उपन्यास और काव्य में किस अदा से व्यक्त हो रहे हैं।

**1 भारत के शिक्षित समूह के बारे में निहित है–**

**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(i) अंग्रेज़ी मोह, यूरोपीय लेखकों के समान ही भारतीय लेखकों को मानना, हिंदी कविता में रुचि

(ii) अंग्रेज़ी मोह, भारतीय लेखकों को हीन समझना, अंग्रेज़ी उपन्यास पढ़ना

(iii) अंग्रेज़ी मोह, भारतीय लेखकों को हीन समझना, अंग्रेज़ी कविताएँ पढ़ना

(iv) अंग्रेज़ी मोह, भारतीय लेखकों में विशेष रुचि, भारतीय साहित्य से लगाव

विकल्प

(क) कथन (i) सही है।  (ख) कथन (i) व (ii)सही हैं।

(ग) कथन (ii) व (iii) सही हैं।  (घ) कथन (iii) व (iv) सही हैं।

**2 भारतीय लेखकों की किस्मत खराब है, क्योंकि–**

(क) वे अपनी भाषा में लिख नहीं सकते

(ख) समाज का हाल–चाल नहीं जान सकते

(ग) वे अपनी बात भारतीय पाठकों तक पहुँचा नहीं पाते

(घ) यहाँ के नागरिक उन्हें अच्छा लेखक नहीं मानते

**3 भारतीय भाषाओं के लेखक को अन्य भाषा के लेखकों से भी हीन माना जाता है, क्योंकि–**

(क) उनमें स्वभाषा के प्रति गौरव नहीं है

(ख) वे अंग्रेज़ी के मोह से ग्रस्त हैं

(ग) उनके साहित्य को भारत में पढ़ा नहीं जाता

(घ) उनके साहित्य को भारत के सुशिक्षित लोग नहीं पढ़ते

**4 भारतीय भाषाओं के साहित्य के प्रति समाज के किस वर्ग में अरुचि की भावना है ?**

(क) उच्च  (ख) सुशिक्षित

(ग) अनपढ़  (घ) नगरवासी

**5 कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A)** यूरोपीय एवं अमेरिकी लेखकों की किस्मत अच्छी है।

**कारण (R)** उनकी रचनाएँ उन देशों के पढ़े–लिखे लोग पढ़ते हैं।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्र0 2 निम्नलिखित दो पद्यांशों में से <u>किसी एक</u> पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

अपना ही मन खो बैठे जब, औरों की क्या बात है,
सह ले पगले! चुप हो सह ले, आया जो आघात है।
दुनिया बहुत बड़ी है
जीवन का भी है विस्तार बड़ा,
तू किस भ्रम में युगों–युगों से
इस सराय के द्वार खड़ा ?
चलता–फिरता दिन है मूरख! चलती–फिरती रात है।
गहराई को कौन पूछता
गहरा तो है कूप भी,
पर न पहुँचता वहाँ समीरन
नहीं पहुँचती धूप भी।
जीत उसी की जो लहरों का देता रहता साथ है।
बादल का क्या दोष
फोड़ यदि सका न यह चट्टान तू ?
पानी तो पानी है, मत कर
यों अपना अपमान तू!
कल्प–कल्प का धैर्य जुटे जब, बनता तभी प्रपात है।
सह ले पगले! चुप हो सह ले, आया जो आघात है।

**1 इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए—**
**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए—**
**कथन**

(i) दूसरों की चिंता छोड़कर अपनी मर्ज़ी से जीना चाहिए।

(ii) जीवन में आई मुसीबतों को धैर्यपूर्वक सहकर बाधाओं को जीतने का प्रयास करना चाहिए।

(iii) कुएँ की गहराई पर ध्यान न देकर उसके पानी के बारे में सोचना चाहिए।

(iv) धैर्यपूर्वक प्रयास करते रहने से काम बन जाते हैं।

**विकल्प**

(क) कथन (i) व (ii) सही है। (ख) कथन (ii) व (iii)सही हैं।

(ग) कथन (ii) व (iv) सही हैं। (घ) कथन (iii) व (iv) सही हैं।

**2 'पगले' शब्द का संबोधन किया गया है—**

(क) मनुष्य के लिए (ख) नासमझ के लिए

(ग) पागल के लिए (घ) मूर्ख के लिए

**3 कुएँ की गहराई उसे वंचित करती है—**

(क) हवा और प्रकाश से (ख) धूप और वर्षा से

(ग) हवा और धूप से (घ) वर्षा और गरमी से

**4 कविता में जीवन की विशेषता है—**

(क) उज्ज्वलता और निष्कपटता (ख) सुंदरता और द्रवणशीलता

(ग) शीतलता और सरसता (घ) निर्मलता और गतिशीलता

**5 कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए—**

**कथन (A)** जीवन को झरने के समान निर्मल और गतिशील बनाए रखना चाहिए।

**कारण (R)** परिस्थितियों को देखकर समझौता कर लेना चाहिए।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**अथवा**

कोई खंडित, कोई कुंठित,
कृश बाहु, पसलियाँ रेखांकित,
टहनी—सी टाँगें, बढ़ा पेट,
टेढ़े—मेढ़े, विकलांग घृणित!
विज्ञान चिकित्सा से वंचित,
ये नहीं धात्रियों से रक्षित,
ज्यों स्वास्थ्य सेज हो, ये सुख से
लोटते धूल में चिर परिचित!

पशुओं—सी भीत मूक चितवन,
प्राकृतिक स्फूर्ति से प्रेरित मन,
तृण तरुओं—से उग—बढ़, झर—गिर,
ये ढोते जीवन क्रम के क्षण!
कुल मान न करना इन्हें वहन,
चेतना ज्ञान से नहीं गहन,
जग जीवन धारा में बहते
ये मूक, पंगु बालू के कण!

1 **इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे ही विकल्प चुनिए–**

**कथन**

(i) गाँव के बच्चों में कुपोषण की समस्या।

(ii) गाँव के बच्चों की दयनीय दशा का वर्णन।

(iii) गाँवों में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव।

(iv) गाँव के बच्चों में चेतना ज्ञान का अभाव

**विकल्प**

(क) कथन (ii) सही है। (ख) कथन (i) व (iii) सही हैं।

(ग) कथन (i), (iii) व (iv) सही हैं। (घ) कथन (i), (ii), (iii) व (iv) सही हैं।

2 **'ये नहीं धात्रियों से रक्षित'– पंक्ति का आशय है–**

(क) गाँव में विज्ञान की शिक्षा नहीं दी जा रही है।

(ख) गाँव में शिशु जन्म हेतु पर्याप्त दाइयाँ नहीं हैं।

(ग) गाँव के बच्चे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर शारीरिक व्यायाम कर रहे हैं।

(घ) गाँव के बच्चे अपने मित्रों के साथ धूल में कुश्ती जैसे खेल खेल रहे हैं।

3 **काव्यांश में कवि का रवैया कैसा प्रतीत होता है ?**

(क) वे बच्चों की दशा के विषय में व्यंग्य कर मनोरंजन करना चाह रहे हैं।

(ख) वे बच्चों की दशा की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।

(ग) वे तटस्थ रहकर बच्चों की शारीरिक व मानसिक दशा का वर्णन कर रहे हैं।

(घ) वे बच्चों की शारीरिक व मानसिक दशा से संतुष्ट प्रतीत होते हैं।

4 **'तृण–तरुओं से उग–बढ़...' इस पंक्ति का अर्थ है–**

(क) घास–फूस की तरह हलके हैं, इसलिए तिनकों की तरह उड़ रहे हैं।

(ख) पौधों तथा घास की तरह बिना कुछ खाए–पिए बढ़ रहे हैं।

(ग) घास तथा पौधों की तरह पैदा हो रहे हैं तथा मर रहे हैं।

(घ) प्राकृतिक वातावरण में घास व पौधों की तरह फल–फूल रहे हैं।

5 **काव्यांश में गाँव के बच्चों की स्थिति के बारे में बताया गया है–**

**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए**

**कथन**

(i) प्राकृतिक वातावरण में रहते हुए स्फूर्ति से भरे हुए हैं।

(ii) गाँव के पशुओं की तरह बलिष्ठ, परंतु असहाय एवं मूक हैं।

(iii) बच्चे कुपोषित तथा क्षीणकाय हैं।

(iv) बच्चे अशिक्षित तथा खिन्न हैं।

**विकल्प**

(क) कथन (i) व (ii) सही है। (ख) कथन (i) व (iv) सही हैं।

(ग) कथन (ii) व (iii) सही हैं। (घ) कथन (iii) व (iv) सही हैं।

प्र0 3 निर्देशानुसार उपसर्ग प्रत्यय पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)

(1) 'वि' उपसर्ग से बना शब्द है–

(क) व्याघ्र (ख) वनिता

(ग) विवाद (घ) वंदना

(2) 'निर्भय' में उपसर्ग है–

(क) निर् (ख) नि

(ग) निर (घ) अय

(3) 'प्रत्याशित' शब्द में प्रत्यय है–

(क) प्र (ख) प्रति

(ग) इत (घ) शित

(4) 'धार्मिक' में मूल शब्द है–

(क) धार्मि (ख) इक

(ग) धर्म (घ) मिक

(5) 'अविकारी' में उपसर्ग और प्रत्यय है–

(क) अ + विकार + ई (ख) अवि + कार + ई

(ग) अ + विकार + इ (घ) अवि + कार + इ

प्र0 4 निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)

(1) 'सूरकृत' में कौन–सा समास है ?

(क) द्वंद्व (ख) अव्ययीभाव

(ग) तत्पुरुष (घ) द्विगु

(2) 'गंगा–यमुना' में कौन–सा समास है ?

(क) द्वंद्व (ख) बहुव्रीहि

(ग) द्विगु (घ) तत्पुरुष

(3) 'प्रतिमास' का समास विग्रह है–

(क) हर मास (ख) प्रति + मास

(ग) प्रति और मास (घ) ये सभी

(4) 'चक्रपाणि' में कौन–सा समास है ?

(क) द्विगु (ख) बहुव्रीहि

(ग) तत्पुरुष (घ) द्वंद्व

(5) 'गुस्सैल' में प्रत्यय है–

(क) ऐल (ख) एल

(ग) सैल (घ) ल

प्र0 5 निर्देशानुसार अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)

**(1) 'यदि तुम पढ़ोगे, तो अवश्य सफल रहोगे।' –अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद होगा–**

(क) विधानवाचक (ख) निषेधवाचक

(ग) संकेतवाचक (घ) संदेहवाचक

**(2) 'राधा घर से आ रही है।' वाक्य का प्रश्नवाचक वाक्य में परिवर्तन होगा–**

(क) राधा कहाँ से आ रही है ? (ख) राधा घर से क्यों आ रही है ?

(ग) राधा कौन–से घर से आ रही है ? (घ) क्या राधा घर से आ रही है ?

**(3) 'बगीचा सुंदर है।' वाक्य विस्मयवाचक वाक्य में इस प्रकार होगा–**

(क) क्या ! बगीचा सुंदर नहीं है ? (ख) कितना सुंदर बगीचा है!

(ग) अरे ! सुंदर है बगीचा! (घ) क्या बगीचा सुंदर है ?

**(4) 'निम्नलिखित वाक्यों में संकेतवाचक वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए–**

(क) यदि फूलों को समय पर पानी मिलेगा, तो अधिक समय तक फूल खिले रहेंगे।

(ख) अगर समय पर फूलों को पानी दिया जाएगा तो फूल अधिक समय तक खिले रहेंगे।

(ग) समय पर फूलों को पानी दिए जाने पर वे अधिक समय तक खिले रहेंगे।

(घ) जब समय पर फूलों को पानी देंगे तब अधिक समय तक फूल खिले रहेंगे।

**विकल्प**

(क) केवल कथन (i) व (ii) सही है। (ख) कथन (ii) व (iv) सही हैं।

(ग) कथन (ii) व (iii) सही हैं। (घ) कथन (i), (ii) व (iv) सही हैं।

**(5) 'सैनिकों को आगे बढ़ना चाहिए।' इस वाक्य का आज्ञावाचक वाक्य होगा–**

(क) सैनिकों को आगे बढ़ने से रोको। (ख) क्या सैनिक को आगे बढ़ना चाहिए ?

(ग) शायद सैनिक को आगे बढ़ना चाहिए। (घ) सैनिकों आगे बढ़ो।

**प्र0 6 निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4=4)**

**(1) 'केकी रव की नूपुर ध्वनि सुन जगती जगती की मूक प्यास'– पंक्ति में अलंकार है–**

(क) अनुप्रास (ख) यमक

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) रूपक

**(2) 'मैया मैं तो चंद्र–खिलौना लैहों' – पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?**

(क) रूपक (ख) अनुप्रास

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) यमक

**(3) 'पीपर <u>पात सरिस मन</u> डोला'– रेखांकित पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?**

(क) रूपक (ख) उपमा

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) श्लेष

**(4) 'कूड़ कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जाणी'– पंक्ति में निहित अलंकार है–**

(क) रूपक (ख) यमक

(ग) श्लेष (घ) अनुप्रास

(5) 'सुवरन' को खोजत फिरत कवि व्यभिचारी चोर' – पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

(क) मानवीकरण (ख) यमक

(ग) श्लेष (घ) अनुप्रास

**प्र0 7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)**

पता नहीं, इतिहास में कब कृष्ण ने वृंदावन में रासलीला रची थी और शोख गोपियों को अपनी शरारतों का निशाना बनाया था। कब माखन भरे भाँड़े फोड़े थे और दूध–छाली से अपने मुँह भरे थे। कब वाटिका में, छोटे–छोटे किंतु घने पेड़ों की छाँह में विश्राम किया था। कब दिल की धड़कनों को एकदम से तेज़ करने वाले अंदाज़ में बंसी बजाई थी। और, पता नहीं, कब वृंदावन की पूरी दुनिया संगीतमय हो गई थी। पता नहीं, यह सब कब हुआ था ? लेकिन कोई आज भी वृंदावन जाए, तो नदी का साँवला पानी उसे पूरे घटना–क्रम की याद दिला देगा। हर सुबह, सूरज निकलने से पहले, जब पतली गलियों से उत्साह भरी भीड़ नदी की ओर बढ़ती है, तो लगता है जैसे उस भीड़ को चीरकर अचानक कोई सामने आएगा और बंसी की आवाज़ पर सब किसी के कदम थम जाएँगे। हर शाम सूरज ढलने से पहले, जब वाटिका का माली सैलानियों को हिदायत देगा तो लगता है जैसे बस कुछ ही क्षणों में वो कहीं से आ टपकेगा और संगीत का जादू वाटिका के भरे–पूरे माहौल पर छा जाएगा। वृंदावन कभी कृष्ण की बाँसुरी के जादू से खाली हुआ है क्या !

**(1) इतिहास में कृष्ण की किस घटना का वर्णन किया गया है ?**

(क) वृंदावन में रासलीला का (ख) गोपियों के साथ शरारतें करने का

(ग) माखन के बर्तन तोड़ने व छाली खाने का (घ) उपरोक्त सभी

**(2) कृष्ण से जुड़ी वृंदावन की घटनाओं की याद कौन दिलाता है ?**

(क) बाँसुरी की आवाज़ (ख) वहाँ के मंदिर

(ग) नदी का साँवला पानी (घ) वहाँ के दुकानदार

**(3) गद्यांश के आधार पर बताइए कि इनमें से किसकी आवाज़ से वृंदावन की दुनिया संगीतमय हो जाती थी ?**

(क) पक्षियों की आवाज़ से (ख) कृष्ण की बाँसुरी की आवाज़ से

(ग) मंदिर में बजने वाली घंटियों की आवाज़ से (घ) कीर्तन करने वालों की मंडली से

**(4) वाटिका के माली जब सैलानियों को हिदायत देता है, तो किसके आने की प्रतीति होती है ?**

(क) वाटिका के मालिक की (ख) कृष्ण के आने की

(ग) गोपियों के आने की (घ) वर्षा होने की

**(5) कृष्ण ने वृंदावन में कहाँ विश्राम किया था ?**

(क) वृंदावन के मंदिरों में (ख) घने पेड़ों की छाँह में

(ग) वृंदावन की गलियों में (घ) यमुना नदी के किनारे बने भवनों में

**प्र0 8 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X2=2)**

**(1) 'दो बैलों की कथा' पाठ के आधार पर बताइए कि उस समय भारतवासियों की अफ़्रीका में दुर्दशा क्यों हो रही थी ?**

(क) क्योंकि वे सीधे–सादे और कठिन परिश्रम करने वाले थे।

(ख) क्योंकि उन्होंने वहाँ पर लड़ाई–झगड़ा किया था।

(ग) क्योंकि वे अफ्रीकियों को पसंद नहीं करते थे।

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**(2) उपभोक्तावाद की संस्कृति के कारण हम कैसी दासता स्वीकार करते जा रहे हैं ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | राजनैतिक दासता | (ख) | सांस्कृतिक दासता |
| (ग) | बौद्धिक दासता | (घ) | सामंती दासता |

**प्र0 9 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)**

क्या? –देख न सकती ज़ंजीरों का गहना?
हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश–राज का गहना,
कोल्हू का चर्रक चूँ?–जीवन की तान,
गिट्टी पर अँगुलियों ने लिखे गान!
हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कुआँ।
दिन में करुणा क्यों जगे, रुलानेवाली,
इसलिए रात में गज़ब ढा रही आली ?
इस शांत समय में,
अंधकार को बेध, रो रही क्यों हो ?
कोकिल बोलो तो!
चुपचाप, मधुर विद्रोह–बीज
इस भाँति बो रही क्यों हो ?
कोकिल बोलो तो!

**(1) कवि ने हथकड़ियों को क्या कहकर संबोधित किया है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | ब्रिटिश राज का गहना कहकर | (ख) | जीवन की तान कहकर |
| (ग) | मधुर विद्रोह के बीज कहकर | (घ) | ब्रिटिश अकड़ का कुआँ कहकर |

**(2) कवि को किसके कारण कारागार में जाना पड़ा है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | चोरी करने के कारण | (ख) | डकैती करने के कारण |
| (ग) | स्वतंत्रता आंदोलन में संघर्ष करने के कारण | (घ) | हत्या करने के कारण |

**(3) ब्रिटिश शासन के विरुद्ध मधुर विद्रोह का बीज कौन बो रहा है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | कोयल अपने मधुर स्वर द्वारा | (ख) | कवि अपनी कविता द्वारा |
| (ग) | अंधेरी रात द्वारा | (घ) | चिड़िया अपनी चहचहाहट से |

**(4) कविता के आधार पर बताइए कि कवि का संघर्ष किसके विरूद्ध था ?**

(क) तात्कालिक सामंतों के विरूद्ध (ख) तात्कालिक ज़मींदारों के विरूद्ध

(ग) तात्कालिक भारतीय सरकार के विरूद्ध (घ) तात्कालिक ब्रिटिश शासन के विरूद्ध

**(5) 'कोल्हू का चर्रक चूँ?–जीवन की तान' से कवि का क्या आशय है ?**

(क) जेल में कवि से कोल्हू चलवाते हैं

(ख) कोल्हू के चर्रक चूँ आवाज़ उसके जीवन का संगीत बन गई है।

(ग) कोल्हू चलाने से चर्रक चूँ की आवाज़ आती है।

(घ) कोल्हू चलाना अत्यंत कठिन है।

**प्र0 10 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X2=2)**

**(1) कवयित्री ललद्यद के अनुसार, ईश्वर को कौन जान सकता है ?**

(क) जिसने ईश्वर को पहचान लिया हो।

(ख) जिसने स्वयं को जान लिया हो।

(ग) जो भक्ति–मार्ग पर चल पड़ा हो।

(घ) जो हठयोग साधना करता हो।

**(2) 'साखियाँ एवं सबद' के आधार पर बताइए कि आत्मा रूपी हंस कहाँ क्रीड़ामग्न है ?**

(क) भक्ति से परिपूर्ण मन रूपी सरोवर में (ख) ईश्वर के पास

(ग) भक्त के पास (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

## खण्ड 'ख' (वर्णनात्मक प्रश्न)
## पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक

**प्र0 11 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– (2X3=6)**

(क) तिब्बत की कौन–कौन–सी बातें लेखक राहुल सांकृत्यायन को अच्छी लगीं ?

(ख) "प्रेमचंद को दिखावा करना नहीं आता था।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आलोक में उत्तर दीजिए।

(ग) 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखिका महादेवी वर्मा की जन्म के समय और बाद में इतनी खातिरदारी क्यों हुई ?

(घ) हीरा–मोती द्वारा साँड़ को मार गिराना क्या संदेश देता है ? 'दो बैलों की कथा' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए।

**प्र0 12 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– (2X3=6)**

(क) कवि रसखान के अनुसार, गोपी सब स्वांग भरने को तैयार है, लेकिन वह मुरली को नहीं अपनाना चाहती, क्यों ?

(ख) गंगा नदी के बालू को कवि ने किस रूप में चित्रित किया है और क्यों ? 'ग्राम श्री' कविता के अनुसार उत्तर दीजिए।

(ग) 'मेघ आए' कविता में आँधी किसका प्रतीक है और वह किस तरह दौड़ने लगी ?

(घ) बच्चों को किस प्रकार की सुख–सुविधाएँ मिलनी चाहिए ? 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के आलोक में उत्तर लिखिए।

**प्र0 13 पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए–** **(4X2=8)**

(क) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ?

(ख) मानवीय प्रकृति को डराकर नहीं, बल्कि आत्मीयता के साथ परिवर्तित करना अधिक सरल है, कैसे ?

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी अपने पाठकों को क्या संदेश देना चाहती है ?

**प्र0 14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए–** **(6X1=6)**

(क) **भारत में बाल मजदूरी की समस्या–**

**संकेत बिंदु–**
भूमिका, बाल मज़दूरी का अर्थ, बाल मज़दूरी के कारण, बाल मज़दूरी दूर करने के उपाय

(ख) **प्लास्टिक की दुनिया–**

**संकेत बिंदु–**
प्लास्टिक का आविष्कार और इसका उपयोग, प्लास्टिक के गुण व दोष, प्लास्टिक का पर्यावरण पर प्रभाव।

(ग) **इंटरनेट का महत्त्व–**

**संकेत बिंदु–**
विज्ञान का चमत्कार, अद्भुत क्रांति, विभिन्न जानकारी का स्रोत लाभ तथा हानि

प्र0 15 आप हरीश गोयल हैं। आपके क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण अनेक बीमारियों के फैलने की आशंका है। इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी प्रतिष्ठित समाचार–पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **(5X1=5)**

**अथवा**

आप मनस्वी शर्मा हैं, आप अपने मित्र के भाई के विवाह में सम्मिलित न हो सके, क्षमा–याचना करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

प्र0 16 एक ऐसी मौलिक कथा लिखिए, जिसके अंत में यह वाक्य लिखा हो– 'अंततः मैं अपनी योजना में सफल हो सका/सकी।'' **(5X1=5)**

**अथवा**

भारत संचार निगम लिमिटेड को अपने खराब टेलीफोन की मरम्मत के लिए एक ई–मेल लिखिए।

प्र0 17 ट्रेन में सफ़र कर रहे दो यात्रियों के बीच की बातचीत को लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

**अथवा** **(4X1=4)**

विद्यालय में होने वाली वाद–विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अपने हाउस के कैप्टन की हैसियत से 25 से 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

––––00––––